# 3rd ANNUAL REPORT 2007-2008

RsBCL

राजस्थान स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

**RAJASTHAN STATE BEVERAGES CORPORATION LIMITED**

Scanned with CamScanner

RSBCL

## अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| वार्षिक साधारण सभा का नोटिस | 1 |
| प्रॉक्सी फार्म | 2 |
| निदेशकों का प्रतिवेदन | 3 |
| लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन | 6 |
| तुलन-पत्र | 10 |
| लाभ एवं हानि लेखा | 11 |
| अनुसूचियां | 12 |
| नकद प्रवाह | 25 |
| तुलन पत्र सार एवं निगम की सामान्य रूप रेखा | 26 |
| लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन पर उत्तर | 27 |
| सी.ए.जी. की टिप्पणी | 32 |


Scanned with CamScanner

RsBCL

# निदेशक मण्डल

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | **श्री सुभाष गर्ग**<br>प्रमुख शासन सचिव वित्त<br>राजस्थान सरकार, जयपुर |
| निदेशक | 1. | **श्री मुकेश शर्मा**<br>आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग<br>राजस्थान सरकार, जयपुर |
| | 2. | **श्री यदुवेन्द्र माथुर**<br>शासन सचिव, आयोजना<br>राजस्थान सरकार, जयपुर |
| | 3. | **श्री रजत मिश्रा**<br>शासन सचिव, वित्त (राजस्व)<br>राजस्थान सरकार, जयपुर |
| प्रबन्ध निदेशक | : | **श्री सी.पी. व्यास**<br>आयुक्त आबकारी विभाग<br>राजस्थान सरकार, उदयपुर |
| कार्यकारी निदेशक | : | **श्री आर.के. गोयल** |


पंजीकृत कार्यालय - वित्त भवन, ''डी'' ब्लॉक, प्रथम मंजिल,

जनपथ-जयपुर - 302004

फोन : 0141-2744231-9

फैक्स - 0141-2744237

ई-मेल - ed@rsbcl.com


Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

**(राजस्थान सरकार का उपक्रम)**

पंजीकृत कार्यालय : डी-ब्लॉक, प्रथम तल, वित्त भवन, जनपथ, जयपुर - 302 004

संख्या : ए-2 (3)

29 अगस्त, 2008

सेवामें,
समस्त अंशधारक,
निदेशक एवं अन्य

## सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अंशधारियों/सदस्यों की तृतीय वार्षिक आम सभा सोमवार दिनांक 22 सितम्बर, 2008 को कॉरपोरेशन के पंजीकृत कार्यालय में उक्त पते पर निम्नांकित कार्य सम्पादन हेतु 12.30 बजे (अपराह्न) आयोजित की जायगी।

**यदि उचित समझा गया तो संशोधनों सहित या रहित निम्न लिखित प्रस्ताव के साधारण प्रस्तावों के रूप पारित करने के लिए विचार करना।**

**साधारण कारोबार के रूप में :**

1. 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए परीक्षित, लाभ-हानि लेखों तथा उसी दिनांक की बैलेन्स शीट, उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं अंशधारियों/सदस्यों को निदेशकों की रिपोर्ट प्राप्त करना, उस पर विचार करना एवं उसे स्वीकृत करना।
2. लाभांश की घोषणा करना, यदि हो तो
3. प्रस्तावित है कि वैधानिक लेखा परीक्षक मै. धूत एण्ड एसोसिऐट्स, चार्टेड एकाउन्टेन्ट्स, जयपुर को वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिए वार्षिक देय पारिश्रमिक रूपये 60,000.00 एवं यात्रा व अन्य व्यय अधिकतम रू. 45,000.00 कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 224 (8) एए के अनुसरण में निश्चित किये गये हैं।
4. यह भी प्रस्तावित है कि कॉरपोरेशन के निदेशक मण्डल को कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 224 (8) एए के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2007-2008 एवं उसके बाद के लिए वैधानिक लेखा परीक्षकों के लिए देय पारिश्रमिक निश्चित करने के लिए एतद् द्वारा प्राधिकृत किया जाता है।

निदेशक मण्डल की आज्ञा से

स्थान : जयपुर
दिनांक : 29.08.2008

हस्ताक्षर
(आर.के. सिंघल)
कम्पनी सचिव

नोट :

1. कोई भी सदस्य जो बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने के लिए अधिकृत है, वह स्वयं के बदले मतदान में उपस्थित होने एवं मत देने के लिए किसी प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिए अधिकृत है, परन्तु उस प्रतिनिधि के लिये कॉरपोरेशन का सदस्य होना आवश्यक है। प्रभावी होने के लिए प्रतिनिधित्व निगम में मीटिंग के समय से कम से कम 48 घंटे पूर्व प्राप्त हो जाना चाहिए। प्रतिनिधित्व - प्रारूप संलग्न है।
2. बैलेन्सशीट, लाभ-हानि लेखा वैधानिक लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन के साथ एवं अंशधारियों को निदेशकों का प्रतिवेदन संलग्न है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ प्राप्त नहीं हुई है जो बैठक के दौरान उपलब्ध करा दी जायेगी।



Scanned with CamScanner

# प्रतिनिधित्व-प्रपत्र (फार्म)

(कम्पनी एक्ट 1956 की धारा 176(6) देखें)

## राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालय : डी-ब्लॉक, प्रथम तल, वित्त भवन, जनपथ, जयपुर - 302 004

मैं/हम ..........................................................................जिला..........................................का/के उपर्युक्त

कम्पनी सदस्य श्री ..........................................................................................जिला................................को

सोमवार दिनांक 22 सितम्बर, 2008 को अपरान्ह 12.30 बजे या किसी स्थगन के बाद निम्न व्यापारिक विचार विमर्श हेतु आयोजित होने वाली हमारी कम्पनी जिससे हम सम्बद्ध है कि तृतीय वार्षिक आम सभा में वोट देने के लिये मेरे /हमारे प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करता हूँ/करते हैं।

दिनांक..............................को हस्ताक्षर किये

हस्ताक्षर

(............रू. का रेवेन्यू टिकट लगाये)



Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालय : डी ब्लाक, प्रथम तल, वित्त भवन, जनपथ, जयपुर (राजस्थान)

## निदेशकों का प्रतिवेदन

## (31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिये अंशधारकों /सदस्यों हेतु)

महानभावो,

आपके निगम के निदेशकों को 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वर्ष की निगम के कार्यों की तृतीय वार्षिक रिपोर्ट, अंकेक्षित लेखा खातों सहित आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुये प्रसन्नता है।

1. व्यापारिक परिचालन

**1.2 मदिरा का विपणन** - निगम ने आई. एम. एफ. एल और बीयर के विक्रय हेतु बाजार की गतिशीलता से अप्रभावित नीति बनाई है, परिणामस्वरूप विक्रेताओं के बीच स्वस्थ स्पर्धा जारी रही है।

निगम ने अपने पुराने अनुभव के आधार पर अपनी नीतियों में जो भी कमियाँ महसूस की उन्हें चालू वर्ष में दूर करने का प्रयास किया है। निगम निरन्तर अपने अंशधारकों के सम्पर्क में है एवं नीति विषयक कमियाँ दूर करने एवं कार्य क्षमता बढाने के लिये सदैव तत्पर है।

विचारणीय वर्ष में आई. एम. एफ. एल. की बिक्री 38.67 लाख कार्टून बक्से हुई जबकि गत वर्ष (सन् 2006-07 में) बिक्री 29.13 लाख कार्टून बाक्स थी। जो कि गत वर्ष की तुलना में 29.87 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि को इंगित करती है। इसी प्रकार बीयर की बिक्री सन् 2006-07 की तुलना में 82.13 लाख कार्टून बक्सों से बढकर 106.66 लाख कार्टून बक्से तक पहुँच गयी जो कि पिछले साल के मुकाबले 29.87 प्रतिशत की बढोतरी दर्शाती है।

**1.3 कार्य प्रणाली में पारदर्शिता/ऑनलाइन परिचालन** - निगम अपनी समस्त व्यापारिक गतिविधियाँ 'वेब आधारित ऑन लाइन सॉफ्टवेयर' के द्वारा करता है जिससे प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता आगयी है। इस सोफ्टवेयर द्वारा किये जाने वाले समस्त व्यापारिक लेन देन को सीधे देखने का अधिकार सभी आपूर्तिकर्त्ताओं और आबकारी विभाग, राजस्थान को है जिससे वे समस्त जानकारी प्राप्त कर सकें जैसे कि - ओएफएस जारी करने, गोदाम में माल की आवक, विभिन्न ब्रांडों की बिक्री, विभिन्न ब्राण्ड की स्टॉक की स्थिति, साप्ताहिक भुगतान वसुली, आबकारी कर की वसूली इत्यादि। इसी प्रकार प्रत्येक मास में सम्बन्धित खुदरा व्यापारियों को उनके खाते की नकल दी जाती है जिससे वे अपनी संतुष्टि कर ले।

**1.4 आधारभूत सुविधायें** - सभी डिपो में फर्नीचर व टेलीफोन आदि नित्योपयोगी सुविधा हैं ही साथ ही में कम्प्यूटर, सर्वोत्तम इन्टरनेट सुविधा जैसे ब्राडबैण्ड और ऑनलाइन साफ्टवेयर संचालन के लिये वी सैट, ओनलाइन यू पी एस एवं विद्युत संकट से मुक्ति के लिये जेनरेटर सैट से भी सुसज्जित हैं।

**1.5 वित्तीय प्रबन्धन** - सशक्त एवं विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबन्धन कॉरपोरेशन की मुख्य शक्ति है। निगम की मुख्य वाणिज्यिक क्रियाएें आई एम एफ एल/बीयर की खरीद व बिक्री ऑन लाइन हैं जिसके कारण कॉरपोरेशन का समस्त कार्य सुव्यवस्थित है। आपूर्तिकर्त्ताओं को स्टॉक, बिक्री, बकाया राशि की स्थिति किसी भी समय, कहीं भी देखने के लिये लोगिन/पासवर्ड सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। यह प्रक्रिया निगम के कार्यकलापों को वास्तविक पारदर्शिता प्रदान करती है।

इस साल में एक उल्लेखनीय बदलाव निगम की बैंकिंग व्यवस्था में किया गया जिसके अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक एवं बैंक आफ इंडिया से कोर बैंकिंग सोल्यूशन (सी.बी.एस.) का अनुबन्ध किया गया एवं इसका पूर्ण लाभ प्राप्त किया गया है। इस प्रकार सीबीएस



Scanned with CamScanner

नेटवर्क के प्रयोग से (कहीं भी बैंकिंग) में सिर्फ जयपुर में बैंक खाता खोला गया है जिसमें रिटेलर्स को समस्त राजस्थान में किसी भी अधिकृत शाखा में राशि जमा की कराने सुविधा प्रदान की गई है। इससे राज्य में करीब 100 शाखाओं में से किसी भी शाखा में जमा राशि निगम के जयपुर स्थित खाते में स्थानान्तरित हो जाती है। इस तरह निगम को एक ओर पैसा तुरंत जमा मिलता है एवं दूसरी ओर खाते में एक लाख रूपये से ज्यादा बैंलेंस होते ही स्मार्ट रोमर स्कीम के अन्तर्गत यह राशि स्वत: ही (एफ डी आर) फिक्स डिपोजिट में चली जाती है जिस पर कॉरपोरेशन को ब्याज अर्जित होता है। सभी सप्लायर्स व अन्य पार्टियों को समय पर निर्धारित भुगतान निगम की कार्यकुशलता का स्पष्ट द्योतक है।

1.6 **भावी दृष्टिकोण** - निगम की तृतीय वर्ष की कार्यवाही सार्थक सिद्ध हुई है। निगम ने सरकार का विश्वास अर्जित किया है। अपनाई गयी नीतियों से अधिक लाभांश सृजित हुआ है और निगम का मैत्रीपूर्ण चेहरा उजागर हुआ है। निदेशक आश्वस्त है कि वे भविष्य में भी आबकारी सेक्टर में सुधार हेतु एक सार्थक भूमिका का निर्वाह करेंगें।

2.1 **वित्तीय परिणाम** - कारपोरेशन की गत वर्ष की कुल बिक्री रु. 1003.07 करोड़ की थी जो इस बार 29.87 प्रतिशत बढ़कर रु. 1302.72 करोड़ हो गई। यह वृद्धि सरकार द्वारा किये गये नीतियों में सुधार और निगम के द्वारा अपनाई गयी पारदर्शिता का ही परिणाम है। पिछले साल रू. 15 करोड़ के स्थान पर इस साल प्रिविलेज फी के रूप में 15 करोड़ रू. चुकाये गये है। सन् 2006-07 में अर्जित 1.22 करोड़ रू. के स्थान पर इस वर्ष 29.5 प्रतिशत अधिक ब्याज अर्जित हुआ और यह अर्जित ब्याज 1.58 करोड़ रू. तक पहुँच गया।

2.2 निदेशक मण्डल ने प्रदत्त पूँजी पर 10% (10 रु. प्रति शेयर) के हिसाब से लाभांश की अनुशंसा की है। लाभांश वितरण शुल्क सहित इस लाभांश के भुगतान में रु. 23,39,900/- की आवश्यकता होगी।

3. **बैंलेंस शीट की तिथि से आज तक के बीच महत्वपूर्ण तथ्यात्मक परिवर्तन एवं प्रतिबद्धता - कुछ नही।**

4. **निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण**

4.1 चालू वर्ष के वित्तीय खाते बनाने में एकाउन्टिंग स्टेन्डर्स का पालन किया गया है व महत्वपूर्ण अन्तर के लिये खुलासा किया गया है।

4.2 यह कि निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया, उन्हें निरन्तर प्रयुक्त किया एवं ऐसे निर्णय लिये व अनुमान लगाये जो उचित एवं सूझबूझयुक्त थे। वे वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कम्पनी के कामकाज की स्पष्ट स्थिति तथा इस अवधि में कम्पनी के लाभ या हानि का सही एवं उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं।

4.3 यह कि निदेशकों ने कम्पनी के अनुसार उसें पर्याप्त लेखा अभिलेखों के संधारण के लिये, जालसाजी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं उनका पता लगाने के लिये उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है।

4.4 यह कि निदेशकों ने चालू प्रतिष्ठान (ऑन गोईंग) के आधार पर वार्षिक लेखों को तैयार किया है।

4.5 **पूँजीगत संरचना**

आलोच्य वर्ष में निगम की रु. 5.00 करोड रुपये की प्राधिकृत पूंजी एवं रु. 2.00 करोड की प्रदत्त पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

5. **व्यवसाय (टर्न ओवर)**

इस वर्ष निगम का व्यवसाय गत वर्ष के व्यवसाय रु. 1003.07 करोड़ की तुलना में रु. 1302.72 करोड है।

6. **वर्तमान दृष्टिकोण**

चालू वर्ष में आपके निगम का कार्य निष्पादन एक आशावादी दृष्टिकोण को प्रतिपादित करता है। हमें विश्वास है कि हम चालू वर्ष में और उसके बाद भी निगम के विकास एवं उसकी लाभ प्रदत्तता में वृद्धि को कायम रखेंगे।

Scanned with CamScanner

7. प्रोद्योगिकी

निगम किसी विदेशी प्रोद्योगिकी का उपयोग नहीं कर रहा है और उसने ऊर्जा संरक्षण की ओर भी पर्याप्त ध्यान दिया गया है।

8. कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2ए) के अन्तर्गत प्रकटीकरण

कम्पनी अधिनियम 1956 के साथ ही नियम 1975 (कर्मचारियों के सम्बंध में) के प्रावधानों के अनुसार यह उल्लेख किया जाता है कि आलोच्य वर्ष में किसी भी कर्मचारी ने विहित सीमा से अधिक का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं किया है, अत: इस सम्बन्ध में सूचना शून्य समझी जावे।

9. वैयक्तिक एवं औद्योगिक सम्बन्ध

निगम के प्रबन्धकों एवं कर्मचारियों के बीच वर्ष भर सम्बन्ध सुखद एवं सौहार्दपूर्ण रहे हैं।

10. बोर्ड की बैठकें

आलौच्य वर्ष में संचालक मण्डल के मूल्यवान परामर्श एवं मार्ग दर्शन से निगम लाभान्वित हुआ है एवं इसके परिणामस्वरूप ही उल्लेखनीय परिणामों की प्राप्ति हुई है।

11. बोर्ड के निदेशक

राज्य सरकार द्वारा आलौच्य वर्ष में निगम के निम्न निदेशक नियुक्त किये गये हैं।

श्री सुभाष गर्ग, श्री मुकेश शर्मा, श्री यदुवेन्द्र माथुर और श्री रजत मिश्रा को निदेशक नियुक्त किया गया और श्री राजीव महर्षि, श्री प्रेम सिंह मेहरा, श्री संजय मलहोत्रा और श्री वी. श्रीनिवास कार्यमुक्त हुये हैं।

निगम के बोर्ड में निदेशकों के रूप में वर्ष के दौरान बोर्ड के सदस्यों से प्राप्त मूल्यवान परामर्श एवं मार्ग निर्देशन के लिये हम उनकी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

12. लेखा परीक्षक

वर्ष 2007-08 के लिये लेखों की परीक्षा करने हेतु भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा मैसर्स धूत एण्ड एसोसियेट्स चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स को नियुक्त किया गया है।

13. आभार

आपके निदेशक, आलौच्य वर्ष में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त करने के लिये निगम के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा निष्ठापूर्ण एवं प्रशंसनीय सेवायें प्रदान करने पर कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं तथा हमें विश्वास है कि इसके सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आगामी वर्षों में निगम के कार्य निष्पादन में और सुधार लाने हेतु निरन्तर कठिन परिश्रम करते रहेंगे। निदेशक मण्डल आलौच्य वर्ष के दौरान निगम को दिये गये सहयोग एवं मूल्यवान सहायता के लिये केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/कम्पनी बैंकर/अन्य स्वायत्तशासी निकायों के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हैं।

बोर्ड की आज्ञा से

| | | |
|---|---|---|
| स्थान : जयपुर | ह. | ह. |
| दिनांक : 21.08.2008 | **कार्यकारी निदेशक** | **प्रबन्ध निदेशक** |



Scanned with CamScanner

धूत एण्ड एसोसियेट्स
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स

एफ-3, रमेश मार्ग
सी-स्कीम, जयपुर
फोन : 0141-2222236, 5118762, 4007133
ईमेल :dhoot_asso@yahoo.co.in

सेवा में
सदस्यगण,
राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लि., जयपुर

## राजस्थान स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन लिमिटेड जयपुर के सदस्यों हेतु लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

हमनें 31.03.2008 को यथास्थिति राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, जयपुर, के संलग्न तुलन पत्र की तथा उसमें संलग्न उसी दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के लाभ-हानि लेखों तथा नकदप्रवाह विवरण की लेखापरीक्षा की है। ये वित्तीय विवरण कम्पनी के प्रबन्धक वर्ग का उत्तरदायित्व है। हमारा उत्तरदायित्व लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरण-पत्रों पर अपनी राय अभिव्यक्त करना है।

हमने अपनी लेखा परीक्षा भारत में साधारण तौर पर स्वीकार्य लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों में अपेक्षा की गयी है कि हम अपनी लेखा परीक्षा के लिए योजना एवं कार्य निष्पादन यह युक्तियुक्त आश्वासन प्राप्त करने के लिए करते हैं कि वित्तीय विवरण किन्हीं तात्विक मिथ्या कथनों से मुक्त हों। एक लेखा परीक्षा में, परीक्षण आधारित राशियों का समर्थन करने वाले साक्ष्य एवं वित्तीय विवरणों का प्रकाशन सम्मिलित हैं। एक लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखा सिद्धान्तों का निर्धारण एवं प्रबन्धक वर्ग द्वारा किये गये महत्वपूर्ण अनुमान तथा साथ ही सम्पूर्ण वित्तीय विवरणों का मूल्यांकन भी शामिल है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारी राय के लिए एक युक्तियुक्त आधार प्रदान करती है।

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 की उप धारा 4ए के अनुसार भारत की केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए कम्पनीज (लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन) आदेश 2003 द्वारा अपेक्षित अनुलग्नक में, उक्त आदेश के पैराग्राफ 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण संलग्न करते हैं।

उपर्युक्त दिए गये अनुलग्नक में दिए गये विवरण के आगे हम घोषित देते हैं कि :

(अ) हमने वे समस्त सूचनाएँ एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के आधार पर हमारी लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक थे।

(ब) हमारी राय में जहाँ तक पुस्तकों की जाँच से प्रतीत होता है, कम्पनी ने विधि द्वारा अपेक्षित उचित लेखा पुस्तकें रखी हैं।

(स) इस प्रतिवेदन द्वारा व्यवहृत बैलेन्सशीट एवं लाभ-हानि लेखा और नकद-प्रवाह विवरण लेखा पुस्तकों के अनुरूप हैं।

(द) हमारी राय में बैलेन्सशीट एवं लाभ व हानि खाते तथा नकद-प्रवाह विवरण जो कि इस रिपोर्ट में प्रस्तुत है कम्पनी अधिनियम 1956



Scanned with CamScanner

की धारा 211 की उपधारा 3 (सी) में वर्णित लेखांकन मानकों की अनुपालना करते हैं।

(य) हमारी राय में, प्राप्त सर्वोत्तम सूचना के अनुसार, हमें दिए गये स्पष्टीकरण व इस रिपोर्ट के एनेक्सर में हमारे द्वारा की गयी टिप्पणियाँ जो इस रिपोर्ट की अभिन्न अंग हैं लेखांकन नीतियों एवं टिप्पणियों के साथ पठित उक्त लेखे कम्पनी अधिनियम 1956 द्वारा वांछित सूचना अपेक्षित तरीके में देते हैं ये भारत में साधारण रूप से स्वीकृत लेखांकन नियमों का सही एवं उचित दृष्टिकोण निम्नानुसार प्रस्तुत करते हैं -

(i) बैलेन्स शीट मामले में 31 मार्च, 2008 को यथास्थिति कम्पनी के कामकाज की स्थिति।

(ii) लाभ-हानि के लेखे में उस दिनांक को समाप्त वर्ष में लाभ था।

(iii) नकद प्रवाह विवरण के मामले में उस दिनांक को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह।

कृते
**धूत एण्ड एसोसियेट्स**
चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स
ह.
**(के. के. धूत)**
साझेदार संदस्य संख्या 70184

स्थान : एफ-3, रमेश मार्ग,
सी-स्कीम, जयपुर-302001
दिनांक : 29.08.2008



Scanned with CamScanner

**लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुलग्नक, समसंख्यक तिथि की हमारी रिपोर्ट से सम्बद्ध :**

1. (अ) कम्पनी ने परिसम्पत्तियों के अवमूल्यन व्यय के अतिरिक्त अपनी परिसम्पत्तियों का परिमाणात्मक ब्यौरा एवं उनकी स्थिति के साथ अपना रिकार्ड सही रूप में रखा है।

   (ब) जैसा हमें बताया गया कि प्रबंधकों द्वारा आलोच्य वर्ष में एक बार अपनी परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया है। प्रबन्धन द्वारा प्रमाणित किया गया कि इस सत्यापन में उन्हें कोई भी अन्तर नहीं मिला है।

   (स) इस वर्ष में स्थिर परिसम्पत्तियों के किसी भी महत्वपूर्ण भाग को नहीं बेचा गया है।

2. (अ) स्पष्ट किया गया है कि कम्पनी की चल सम्पत्तियों (स्टॉक) का निरीक्षण वर्ष में युक्तियुक्त अन्तराल से प्रबंधन द्वारा किया जाता है।

   (ब) हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी के आकार और इसके व्यापार कीप्रकृति को देखते हुए जो प्रबन्धन द्वारा भौतिक सत्यापन की जो विधि अपनाई गयी है वह युक्तियुक्त एवं पर्याप्त है।

   (स) जैसा हमें बताया गया है कम्पनी ने स्टॉक के रिकॉर्ड सॉफ्टवेयर में संधारित किये, तथापि इस प्रकार के सॉफ्टवेयर का ई.डी.पी. अंकेक्षण नही करवाया जा रहा है।

3. (अ) कम्पनी ने किसी भी कम्पनी, फर्म या किसी पार्टी से न तो किसी प्रकार का ऋण (सुरक्षित एवं असुरक्षित) लिया है और न ही दिया है जो कि धारा 301 कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत आता हो।

   (ब) चूंकि कम्पनी ने, कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 301 के अन्तर्गत न तो कोई सुरक्षित या असुरक्षित ऋण किसी भी कम्पनी, फर्म या पार्टी से नहीं लिया या दिया है, जो कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 301 के रजिटर में आता हो इसलिए संख्या 4 (iii) (b) से (d) लागू नहीं है।

4. हमारे अभिमत के अनुसार और जो विवरण एवं स्पष्टीकरण हमें दिया गया है के अनुसार कम्पनी के आकार, चल अचल सम्पत्तियों की खरीद, माल की बिक्री और सेवाओं को देखते हुए कम्पनी द्वारा स्टॉक एवं स्थिर परिसम्पत्तियों की खरीद एवं बिक्री में आन्तरिक नियंत्रण व्यवस्था काफी सुदृढ है परन्तु

   (अ) लिकर सोर्सिंग पॉलिसी के अनुसार जो बीयर वोटलिंग के दिनांक से छह माह से अधिक समय तक बिना बिके रह जाती है वह इन्सानी उपयोग के लिये अनुपयुक्त घोषित कर दी जाती है और उसे निगम द्वारा नष्ट कर दिया जाना चाहिये। कम्पनी ने वोटलिंग की दिनांक का अंकन नहीं किया है, अत: कम्पनी द्वारा उक्त नीति की पालना नहीं हुई है।

   (ब) कम्पनी की नियमित लेखा पुस्तकों में, बिक्री, खरीद एवं देनदारों से प्राप्त किये गये भुगतान की मासिक प्रविष्टि सामान्यतः प्रत्येक महिने के अन्त में की गयी है।

   (स) मदिरा विपणन नीति के अनुसार पूरी मूल्य राशि प्राप्त करने के बाद ही खुदरा अनुज्ञाधारियों को माल दिया जाता है। जबकि निगम के 51.87 लाख (47 लाख की 6 माह पूर्व की लेनदारियों सहित) करोड़ के देनदार है जो यह दर्शाते हैं कि पूर्ण मूल्य प्राप्त किये बिना ही निगम द्वारा माल बेचा गया है।

   (द) अंकेक्षण के दौरान आंतरिक प्रबन्धन में कोई बार-बार होने वाली गलती नहीं मिली जिसे सही किया जाय।

5. कम्पनी एक्ट की धारा 301 के अन्तर्गत आने वाला कोई अनुबन्ध या प्रबन्ध नहीं पाया गया, जिसकी कम्पनी एक्ट 1956 की धारा 301 के अनुसार बने रजिस्टर में प्रविष्टि की जाती। बिन्दु 5 (b) लागू नहीं है।

6. चूंकि कम्पनी ने पब्लिक से कोई धन नहीं जुटाया है फलस्वरूप रिजर्व बैंक के निर्देश और धारा 58A, 58AA या कम्पनी अधिनियम 1956 के प्रावधान या अन्य कोई नियम लागू नहीं होते।



Scanned with CamScanner

7. हमारे विचार में कम्पनी के आकार एवं व्यवसाय के आधार पर इसमें आन्तरिक अंकेक्षण पद्धति लागू है।

8. केन्द्रीय सरकार द्वारा कम्पनी एक्ट 1956 की धारा 209 (1) (डी) के अन्तर्गत लागत लेखों का विवरण रखने के लिए कहीं इंगित नहीं किया गया है।

(अ) हमें प्राप्त सूचना एवं स्पष्टीकरण तथा लेखा किताबों के निरीक्षण से ज्ञात हुआ कि कम्पनी में राज्य सरकार के दूसरे संगठनों से नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के सारे वैधानिक भुगतान जैसे भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आदि उनके पैतृक संगठनों में जमा करवा दिये गये हैं। कम्पनी आमतौर पर गैर विवादित वैधानिक सरकारी बकाया जैसे इन्कम टैक्स, सेल्स टैक्स, वेल्थ टैक्स, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी, सैस और अन्य कानूनी भुगतान समय पर नियत सरकारी महकमें में जमा करवाती रहती है।

(ब) हमें दी गयी सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार कोई भी इन्कम टैक्स, वैल्थ टैक्स, सेल्स टैक्स, कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी, सैस के रूप में 31 मार्च 2008 को 6 महिने में पूर्व देय अविवादित राशि का भुगतान बकाया नहीं है।

(स) हमें दी गयी सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार इनकम टैक्स, सेल्स टैक्स, वैल्थ टैक्स, कस्टम ड्यूटी, सैस आदि का कोई भी भुगतान किसी विवाद के कारण बकाया नहीं है। केवल फरवरी 2005 से अगस्त 2007 तक का विवादित सर्विस टैक्स रु. 521,25843.00 केन्द्रीय आबकारी विभाग जयपुर के आयुक्त के कारण बताओ नोटिस के कारण बकाया है।

10. कम्पनी को वर्ष 31 मार्च 2008 में कोई और न ही अंकेक्षण वित्त वर्ष और पूर्व वर्ष में कोई नकद हानि हुई है।

11. कम्पनी वित्तीय संस्थाओं, बैंक या ऋण पत्र धारक को भुगतान में कही भी दोषी नहीं पायी गयी है।

12. कम्पनी ने शेयर्स, डिबैन्चर्स या अन्य प्रतिभूतियों की जमानतों के पेटे कोई भी ऋण या अग्रिम स्वीकृत नहीं किये।

13. कम्पनी कोई चिट फण्ड/निधि/म्यूच्युअल बेनीफिट फण्ड/सोसाइटी नहीं है इसलिए कम्पनीज (आडिटर्स रिपोर्ट) आर्डर 2003 के अनुच्छेद 4 (xiii) के प्रावधान लागू नहीं होते।

14. कम्पनी, शेयर, प्रतिभूति, ऋण पत्रों या अन्य विनिवेष के क्रय-विक्रय का धन्धा नहीं करती है।

15. कम्पनी ने किसी दूसरे के द्वारा बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से लिये गये त्रण की कोई जमानत नहीं दी है।

16. कम्पनी ने अंकेक्षण वर्ष कोई भी सावधि ऋण नहीं उठाया है।

17. नकद प्रवाह विवरण व अन्य विवरणों की हमारे द्वारा की गयी जाँच एवं प्राप्त सूचनाओं और स्पष्टीकरण के आधार पर लेख है कि लघु अवधि के लिए उठायी गयी निधि का लम्बे समय के लिए निवेश नहीं किया गया।

18. कम्पनी ने कोई भी शेयर पार्टियों या कम्पनी को निर्गमित नहीं किए हैं जो कि कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 301 के अन्तर्गत तैयार किये गये रजिस्टर में सम्मिलित हों।

19. कम्पनी ने कोई ऋण पत्र निर्गमित नहीं किए हैं अत: कोई भी प्रतिभूति या शुल्क सृजित नहीं किया गया है।

20. कम्पनी के द्वारा जनता से किसी भी निर्गमन द्वारा पैसा इकट्ठा नहीं किया गया है।

21. हमें दी गयी सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार उदयपुर डिपो में 2.80 लाख रुपये की जालसाजी आलोच्य वर्ष में दृष्टिगत हुई है जिसे लेखा पुस्तकों में व्यवहृत नहीं किया गया है।

कृते
**धूत एण्ड एसोसियेट्स**
चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स
ह.
**(के.के. धूत)**
साझीदार
सदस्य संख्या 70184

स्थान : एफ-3, रमेश मार्ग,
सी-स्कीम, जयपुर-302001
दिनांक : 21.08.2008



Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड

## 31 मार्च, 2008 को यथास्थिति तुलन पत्र (बैलेन्स शीट)

| | विवरण | अनुसूची | 31.03.2008 (रुपयों में) | | 31.03.2007 (रुपयों में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | निधियों के स्रोत | | | | | |
| 1 | अंशधारकों की निधियाँ | | | | 20000000 | |
| | (क) पूँजी | ए | 20000000 | | 1396208 | 21396208 |
| | (ख) आरक्षित एवं अधिशेष | बी | 3499165 | 23499165 | | |
| 2 | ऋण निधियाँ | | | | | |
| | (क) प्रत्याभूत ऋण | | | | | |
| | (ख) अप्रत्याभूत ऋण | | - | - | - | - |
| 3 | आस्थगित कर देयता | | | 444359 | | 218942 |
| | योग | | | **23943524** | | **21615150** |
| | निधियों का प्रयोग | | | | | |
| 1 | स्थिर आस्तियाँ | सी | | | | |
| | (क) सकल समूह | | | 12225900 | 9523809 | |
| | (ख) घटाइए : ह्रास | | | 4965278 | 2132090 | |
| | (ग) असल समूह | | | 7260622 | | 7391719 |
| 2 | निवेश | | | 3000.00 | | 3000.00 |
| 3 | चालू आस्तियाँ ऋण एवं अग्रिम | | | | | |
| | (क) सूचियाँ | | - | | - | |
| | (ख) विविध देनदार | डी | 8316721 | | 12738773 | |
| | (ग) रोकड़ एवं बैंक अतिशेष | डी | 407079846 | | 262759383 | |
| | (घ) ऋण एवं अग्रिम | ई | 37491343 | | 39662269 | |
| | घटाइए : | | 452887910 | | 315160424 | |
| | चालू देयतायें एवं प्रावधान | एफ | | | | |
| | (क) चालू देयता | | 432904371 | | 302625179 | |
| | (ख) प्रावधान | | 4721122 | | 592261 | |
| | | | 437625493 | | 303217440 | |
| | शुद्ध चालू आस्तिया | | | 15262417 | | 11942985 |
| 4. | (अ) विविध व्यय (अपलिखित या समायोजित नहीं किए जाने की सीमा तक) | जी | | 1417486 | | 2277446 |
| | योग | | | **23943524** | | **21615150** |
| | लेखा पर टिप्पणियाँ | के | | | | |

समसंख्यक दिनांक के हमारे प्रतिवेदन के अनुसार
कृते धूत एण्ड एसोसियेट्स
चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट

निदेशक मण्डल की ओर से

| ह. | ह. | ह. | ह. | ह. |
|---|---|---|---|---|
| के.के. धूत | बी. के. शर्मा | आर. के. सिपंल | आर. के. गोयल | सी. पी. व्यास |
| साझीदार | महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा) | कम्पनी सचिव | कार्यकारी निदेशक | प्रबन्ध निदेशक |

स्थान : जयपुर
दिनांक : 21.08.2008



Scanned with CamScanner

RsBC

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

## 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिये लाभ एवं हानि खाता

| | विवरण | अनुसूची | 31.03.2008 (रुपयों में) | 31.03.2007 (रुपयों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आय | | | |
| | (अ) मदिरा/बीयर की बिक्री | | 13027238354 | 10030667225 |
| 2. | बिक्री की लागत | | 12771801373 | 9833986892 |
| | सकल लाभ | | 255436982 | 196680333 |
| | अन्य आय | | | |
| | (अ) बैंक के जमाओं पर ब्याज | | 15826451 | 12228312 |
| | (ब) विविध प्राप्तियाँ | | 3348713 | 1384232 |
| | (ग) डेमरेज शुल्क | | 21782806 | 35276012 |
| | **योग** | | **296394952** | **245568889** |
| | व्यय | | | |
| 3. | प्रशासन एवं सामान्य व्यय | एच | 72569047 | 64928098 |
| 4. | प्रबन्धकीय पारिश्रमिक | आई | 789239 | 710556 |
| 5. | वित्तीय व्यय | जे | 390114 | 2305816 |
| 6. | ह्रास | | 2126387 | 1791193 |
| 7. | प्रीविलेज फीस-राजस्थान सरकार को | | 190000000 | 150000000 |
| 8. | लाइसेन्स फीस-राजस्थान सरकार को | | 23500000 | 23080000 |
| 9. | विविध खर्चे अपलिखित की गयी राशि | | 0 | 72500 |
| | **योग** | | **289374787** | **242888163** |
| 10. | उपरोक्त वर्ष का लाभ | | 7020165 | 2680726 |
| 11. | गत वर्ष के समायोजन | | (391831) | 788383 |
| 12. | गत वर्ष के समायोजन के पश्चात् लाभ | | 7411996 | 1892343 |
| 13. | घटाइये कर का प्रावधान | | | |
| | (ए) चालू कर | | 2132300 | 592261 |
| | (बी ) आस्थगित कर | | 225397 | 181127 |
| | (सी) फ्रिंज लाभ कर | | 248922 | 278366 |
| 14. | कराधान के पश्चात लाभ | | 4805377 | 840589 |
| 15. | प्रस्तावित लाभांश के लिये प्रावधान | | 2000000 | |
| 16. | लाभांश कर के लिये प्रावधान | | 339900 | |
| 17. | लाभ का सामान्य संचय में अंतरण | | 2465477 | 840589 |
| 18. | प्रति शेयर आय (100 रूपये प्रति शेयर अंकित मूल्य) | | 24.03 | 4.20 |
| 19 | एकाउन्ट्स पर टिप्पणियाँ | के | | |

समसंख्यक दिनांक के हमारे प्रतिवेदन के अनुसार
कृते धूत एण्ड एसोसियेट्स
चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट

निदेशक मण्डल की ओर से

| ह. | ह. | ह. | ह. | ह. |
|---|---|---|---|---|
| **के.के. धूत** | **बी. के. शर्मा** | **आर. के. सिघंल** | **आर. के. गोयल** | **सी. पी. व्यास** |
| साझीदार | महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा) | कम्पनी सचिव | कार्यकारी निदेशक | प्रबन्ध निदेशक |

स्थान : जयपुर
दिनांक : 21.08.2008



Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

## अनुसूची-'ए'

### 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्र का भाग

### अंश पूंजी

| विवरण | 31.03.2008 (रुपयों में) | 31.03.2007 (रुपयों में) |
|---|---|---|
| **प्राधिकृत शेयर पूंजी**<br>500000 इक्विटी शेयर प्रत्येक 100/- रूपये के | 50000000.00 | 50000000.00 |
| **निर्गमित, अभिदत्त एवं समादत्त पूंजी**<br>200000 इक्विटी शेयर प्रत्येक 100/- रूपये के | 20000000.00 | 20000000.00 |
| **योग** | **20000000.00** | **20000000.00** |



Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

## अनुसूची-'बी'

### 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्र का भाग

### संचय एवं आधिक्य

| विवरण | 31.03.2008 (रुपयों में) | 31.03.2007 (रुपयों में) |
|---|---|---|
| (अ) पूँजीगत रिजर्व | | |
| अनुदान | 137500 | 500000 |
| (ब) सामान्य संचय | | |
| पुराने तुलन पत्र के अनुसार शेष | 896208 | 55619 |
| जोड़ें : लाभ-हानि लेखे से हस्तांतरित | 2465477 | 840589 |
| **योग** | **3499185** | **1396208** |



Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

## अनुसूची-'सी'

### 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्र का भाग

### स्थायी सम्पत्तियाँ

| क्र. सं. | विवरण | सकल समूह | | | | ह्रास/कटौतियाँ | | | | शुद्ध समूह | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | यथास्थिति 1 अप्रेल, 2007 | अभिवृद्धि | कटौती | 31 मार्च, 2008 को यथास्थिति | 31 मार्च, 2007 | चालू वर्ष के लिए | कटौती (गत वर्ष से सम्बन्धित) | 31 मार्च, 2008 को यथास्थिति | 31 मार्च, 2008 को यथास्थिति | 31 मार्च, 2007 को यथास्थिति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | कार्यालय उपकरण | | | | | | | | | | |
| (अ) | टेलीफोन उपकरण | 23850.00 | 2250.00 | - | 26100.00 | 6912.00 | 4606.00 | 0 | 11518.00 | 14582.00 | 16938.00 |
| (ब) | मोबाईल उपकरण | 152036.00 | 17600.00 | - | 169636.00 | 36516.00 | 17508.00 | 0 | 54024.00 | 115612.00 | 115520.00 |
| (स) | फैक्स मशीन | 24100.00 | - | - | 24100.00 | 6129.00 | 2500.00 | 0 | 8629.00 | 15471.00 | 17971.00 |
| (द) | आर. ए. एस. का संस्थापन | 95000.00 | - | - | 95000.00 | 23780.00 | 9907.00 | 0 | 33687.00 | 61313.00 | 71220.00 |
| (य) | यूपीएस (बैटरियां) | 118800.00 | 186466.00 | - | 305266.00 | 29738.00 | 15750.00 | 0 | 45489.00 | 259777.00 | 89062.00 |
| 2. | कम्प्यूटर उपकरण | | | | | | | | | | |
| (अ) | सॉफ्टवेयर का संस्थापन | 688333.00 | - | - | 688333.00 | 434793.00 | 101416.00 | 0 | 536209.00 | 152124.00 | 253540.00 |
| (ब) | कम्प्यूटर | 1689868.00 | 1443250.00 | - | 3133118.00 | 603052.00 | 811623.00 | 493644.00 | 1908318.00 | 1224800.00 | 1086816.00 |
| (स) | लैपटोप | 390902.00 | - | - | 390902.00 | 141068.00 | 99933.00 | 0 | 241002.00 | 149900.00 | 249834.00 |
| 3. | फर्नीचर एण्ड फिक्सचर | 2883074.00 | 243063.00 | - | 3126137.00 | 536124.00 | 436192.00 | 213157.00 | 1185472.00 | 1940665.00 | 2346950.00 |
| 4. | कम्प्यूटर ऐसेसरीज | 16141.00 | 534843.00 | - | 550984.00 | 3078.00 | 120818.00 | 0 | 123896.00 | 427088.00 | 13063.00 |
| 5. | डी. जी. सेट | 609174.00 | 193208.00 | - | 802382.00 | 40325.00 | 84336.00 | 0 | 124661.00 | 677721.00 | 568849.00 |
| 6. | विद्युत उपकरण | 589715.00 | - | - | 589715.00 | 82583.00 | 91791.00 | 0 | 174374.00 | 415341.00 | 507132.00 |
| 7. | अग्नि सुरक्षा उपकरण | 301500.00 | 68166.00 | - | 369666.00 | 3286.00 | 54182.00 | 0 | 57468.00 | 312198.00 | 298214.00 |
| 8. | हैण्ड प्लेट ट्रक | 47960.00 | - | - | 47960.00 | 3544.00 | 8039.00 | 0 | 11583.00 | 36377.00 | 44416.00 |
| 9. | ब्रॉडबैण्ड उपकरण | 50119.00 | - | - | 50119.00 | 18565.00 | 12622.00 | 0 | 31186.00 | 18933.00 | 31554.00 |
| 11. | ऑफिस एक्यूपमेन्ट | 236332.00 | 13245.00 | - | 249577.00 | 24601.00 | 41068.00 | 0 | 65668.00 | 183909.00 | 211731.00 |
| 12. | एयर कन्डीशनर्स | 273687.00 | - | - | 273687.00 | 40444.00 | 42217.00 | 0 | 82661.00 | 191026.00 | 233243.00 |
| 13. | वी. सेट | 1333218.00 | - | - | 1333218.00 | 97552.00 | 171881.00 | 0 | 269433.00 | 1063785.00 | 1235666.00 |
| | योग | 9523809.00 | 2702091.00 | 0 | 12225900.00 | 2132090.00 | 2126387.00 | 706801.00 | 4965278.00 | 7260622.00 | 7391719.00 |
| | गत वर्ष | 2014294.00 | 7509515.00 | 0.00 | 9523809.00 | 340897.00 | 1791193.00 | 0.00 | 2132090.00 | 7391719.00 | |

नोट : (1) कम्प्यूटर खाते में 1386400 रु. का संयोजन/समायोजन गत वर्ष कम्प्यूटरों की खरीद को प्रदर्शित करता है और राजस्व खाते में अंकन आलोच्य वर्ष में पूंजी में परिणिति दर्शित करता है। इन कम्प्यूटरों में 493683.63 का ह्रास इस वर्ष में अंकित किया गया है।

(2) फर्नीचर एवं फिक्सचर्स खाते में 213157.02 रु. का समायोजन परिसम्पत्तियों की ऐसी प्रकृति के कारण है, जिन्हें गत वर्ष अपलिखित कर देना चाहिए था, उसे इस वर्ष अपलिखित किया गया है।

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

## अनुसूची-'डी'

### 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्र का भाग

### चालू आस्तियाँ

| विवरण | 31.03.2008 (रुपयों में) | | 31.03.2007 (रुपयों में) | |
|---|---|---|---|---|
| **अ विविध देनदार (थोक विक्रेताओं से प्राप्ति योग्य असुरक्षित एवं अच्छी रकम)** | | | | |
| (अ) छः माह से अधिक | 4700146 | | 4010879 | |
| (ब) छः माह से कम | 487341 | | 2504021 | |
| (स) सप्लायरका डेबिट शेष | 3129234 | 8316721 | 6223872 | 12738773 |
| **ब नकद एवं बैंक अधिशेष** | | | | |
| रोकड़ हस्तस्थ | 0 | | 21516 | |
| पी. डी. खाता | 10000000 | | 10000000 | |
| बैंक ऑफ इंण्डिया में सावधि जमा | 73627093 | | 29015171 | |
| यूको बैंक म सावधि जमा | 108200000 | | 0 | |
| पंजाब नेशनल बैंक में सावधि जमा | 178840000 | | 115510000 | |
| स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, जालौर | 14816858 | | 22952778 | |
| यूको बैंक सी ए खाता सं. 113 | 193327 | | 0 | |
| यूको बैंक एच ओ खाता | 0 | | 16181248 | |
| बैंक आफ इण्डिया एच ओ खाता | 0 | | 13105687 | |
| | | 385677278 | | 206786400 |
| **बैंक ऑफ इण्डिया जमा खाता** | | | | |
| बाडमेर डिपो | 0 | | 20000 | |
| चित्तोडगढ डिपा | 0 | | 1753000 | |
| श्रीगंगानगर डिपा | 10000 | | 1001065 | |
| **पंजाब नेशनल बैंक जमा खाता** | | 10000 | | 2774065 |
| धोलपुर डिपो | 0 | | 733720 | |
| झालावाड़ डिपा | 0 | | 8457372 | 9191092 |
| **यूकों बैंक डिपो जमा खाता** | | | | |
| अजमेर डिपो 1238 | 0 | | 160000 | |
| अजमेर डिपा 4726 | 3579483 | | 3908640 | |
| अजमेर डिपो स्टेशन रोड़ | 0 | | 3354250 | |
| अलवर डिपो | 1631566 | | 4693000 | |
| भरतपुर डिपो | 1971500 | | 2363711 | |
| भीलवाड़ा डिपा | 0 | | 1328193 | |
| बीकानेर डिपो | 1587683 | | 494925 | |
| दौसा डिपा | 3317082 | | 259400 | |
| हनुमानगढ डिपा | 20000 | | 63869 | |
| झून्झूनू डिपा | 817240 | | 218455 | |
| जोधपुर डिपा 903146 | 0 | | 736185 | |
| जोधपुर डिपा 92832 | 19265 | | 19788978 | |
| नागौर डिपो | 8348750 | | 5378500 | |
| श्रीगंगानगर डिपा | 100000 | | 284000 | |
| उदयपुर डिपो 1124 | 0 | | 758280 | |
| उदयपुर डिपा 3177 | 0 | | 217440 | |
| | | 21392568 | | 44007826 |
| | | 407079846 | | 262759383 |

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

## अनुसूची-'ई'

### 31 मार्च, 2008 को यथास्थिति तुलन पत्र का भाग

### ऋण एवं अग्रिम

| विवरण | 31.03.2008 (रुपयों में) | 31.03.2007 (रुपयों में) |
|---|---|---|
| अग्रिम नकद किस्म या माल के रूप में वसूलने योग्य | | |
| स्टॉफ को अग्रिम | 38,329 | 19,344 |
| अन्यों को अग्रिम | 203195 | 26738 |
| सिक्यूरिटी जमा | 24033 | 27500 |
| **डिपो मैनेजर के पास पेशगी** | **419,202** | **204,946** |
| **पूर्वप्रदत्त कर** | | |
| अग्रिम इन्कम टैक्स | 2,200,000 | 2,200,000 |
| एफ बी टी अग्रिम | 198,414 | - |
| सावधि जमा की ब्याज पर स्रोत पर कर कटौती | 5,138,466 | 3,363,859 |
| पूर्वदत्त खर्चे | 24,913,513 | 25,523,513 |
| **अन्य चालू आस्तियाँ** | | |
| परमिट फीस | - | 800,544 |
| राजस्थान सेल्स टैक्स | 23,382 | - |
| वेन्ड फीस | 4,332,810 | 7,477,176 |
| आबकारी शुल्क पर अधिभार | - | 18,650 |
| **योग** | **37,491,343** | **39,662,269** |



Scanned with CamScanner

# राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड

## अनुसूची-'एफ'

### 31 मार्च, 2008 को यथास्थिति तुलन पत्र का भाग

### चालू देयतायें एवं प्रावधान

| | विवरण | 31.03.2008 (रुपयों में) | | 31.03.2007 (रुपयों में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **चालू देयताऐं** | | | | |
| | विविध लेनदार - पुराने थोक विक्रेता | 1326541 | | 2645014 | |
| | विविध लेनदार - सप्लायर्स/डिस्टलरीज | 287340566 | | 202622004 | |
| | विविध देनदार-जिनका क्रेडिट शेष है | 17187649 | | 9073667 | |
| | विविध लेनदार-खर्च के लिए | 2988283 | | 4254626 | |
| | खुदरा व्यापारियों से अग्रिम | 13267152 | | 14312116 | |
| | सेवा प्रदाताओं की जमा प्रतिभूतियाँ | 577495 | | 663189 | |
| | अदत्त व्यय | 2344572 | | 1393785 | |
| | अन्य दायित्व | 59721 | | 17000 | |
| | संस्थापन व्यय | 4951764 | | 5142118 | |
| 2. | **बैंक ओवर ड्राफ्ट** | | 330043742 | | 240123520 |
| | पंजाब नेशनल बैंक मुख्यालय खाता | 21443170 | | 51329622 | |
| | यूकों बैंक, टोंक डिपो | 0 | | 75 | |
| | यूकों बैंक, मुख्यालय खाता | 24135231 | | 0 | |
| | यूको बैंक, भीलवाड़ा डीपो | 25216 | | 0 | |
| | बैंक ऑफ इण्डिया, अलवर डिपो | 56000 | | 56000 | |
| | बैंक ऑफ इण्डिया | 31358875 | | 0 | |
| | बैंक ऑफ इण्डिया, हनुमानगढ डिपो | 500 | | 500 | |
| | पंजाब नेशनल बैंक, झालावाड़ | 6000 | | 0 | |
| | पंजाब नेशनल बैंक, बाडमेर | 4111 | 77029103 | 4111 | 51390308 |
| 3. | **वैधानिक देनदारियाँ** | | | | |
| | देय- राजस्थान बिक्री कर | 0 | | 32802 | |
| | एफ बी टी देय | 0 | | 37116 | |
| | टी डी एस देय | 429595 | | 261697 | |
| | टी सी एस देय | 14823515 | | 9545376 | |
| | परमिट फीस | 5997642 | | 0 | |
| | देय- लाईसेन्स फीस | 0 | | 1200000 | |
| | देय- एक्साइज ड्यूटी | 3662631 | | 34360 | |
| | एक्साइज ड्यूटी पर अधिशुल्क | 918144 | 25831526 | 0 | 11111351 |
